सार-समाचार

मोबाइल वेन देगी विधिक जानकारी : हारून

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के मोबाइल वेन जालोर पहुंचने पर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि इस मोबाइल वेन के जरिये गांवों में विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की आमजन को जानकारी दी जाएगी। विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले पंपलेट्स वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह वाहन मंगलवार को सांफाडा, आंवलोज, केशवना आदि गांवों में जाएगा। इसी प्रकार बुधवार को धवला, नारणावास एवं बागरा आदि गांवों में जाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हरी झंडी दिखाने के दौरान पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित, पारिवारिक न्यायालय की न्यायाधीश शैल कुमारी सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. सरोज सींवर, एसीजेएम संख्या द्वितीय जालोर अंकित दवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षिता राठौड, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष इन्दाराम मेघवाल, एडवोकेट सरदार खान खोखर, मुमताजअली, गोपाल जोशी, रामसिंह चंपावत, अजय ओझा, पदमसिंह भाटी, प्रवीण कुमार सहित बार एसोसिएशन के अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

निजी स्कूलों ने आर.टी.आई. का पेमेंट मांगा

पाली, (नि.सं.)। निजी शिक्षण विकास समिति की एक मीटिंग नेहरू उद्यान में आयोजित की गई। मीटिंग में सत्र 2022-23 की प्रथम किस्त का भुगतान अभी तक न होने पर सभी निजी स्कूल संचालकों ने जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक को ज्ञापन देने का निर्णय किया। पूर्व में भी दो बार जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक से मिलने के बाद भी का भुगतान न हो पाया। निजी स्कूल के संचालकों ने का भुगतान न होने पर जबरदस्त रोष व्यक्त किया। मीटिंग में निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप दवे ने दो-तीन दिन में भुगतान न होने पर कलेक्टर को ज्ञापन देने की बात कही। सचिव पुखराज शर्मा ने सभी निजी स्कूल के संचालकों को एकजुट होकर इस लड़ाई लड़ने का आहवान किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि हमारी मांगे पूरी नहीं होने पर हम धरने पर बैठेंगे। मीटिंग में रमाकांत मिश्रा, जोगाराम देवासी, हरवंश दवे, गुलाम मोहम्मद, दलपत सिंह गणपत निंम्बाक , कानाराम कीर जय सिंह जोधा ,जोगाराम गोयल जसवंत पवार , छगन राज बागोरिया, घनश्याम मेघवाल राजाराम माली, शंकर लाल गहलोत, प्रवीण दाधीच, नंदकिशोर जांगिड़, नागेश्वर जोशी, रामनरेश ठाकुर आदि स्कूल संचालक मौजूद रहे।

पर्यूषण पर्व पर मंदिरों में सजी आंगी

पाली, (नि.सं.)। जैन समाज के प्रयू षण पर्व पर रोजाना धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन हो रहे हैं। शाम होते ही शहर के विभिन्न मंदिरों में समाज बंधु आगी के दर्शन करने पहुंचते हैं। पर्यूषण पर्व पर घोड़ी पार्श्वनाथ, संकेश्वर पार्श्वनाथ शांतिनाथ जैन मंदिर, नवलखा जैन मंदिर ,दादाबाड़ी, संभवनाथ, आदि मंदिरों में रोजाना नई-नई प्रकार की मखमल, रेशम चांदी सोने का वर्क सोने का वर्क आदि की भगवान की आंगी जाती है। मंदिरों पर भी आकर्षक रोशनी, रंगोली दिखती है। लोग शाम को प्रभावना भी लेते हैं। सोमवार को जोधपुर आवास स्थित भैंरुजी मंदिर, घोड़ी पारसनाथ मंदिर में दर्शन आरती के लिए श्रद्धालु उमड़े। पाली शहर के सभी जैन उपासरों में संतों के प्रवचन, भक्ति प्रतिक्रमण कार्यक्रम चल रहे हैं। राणा प्रताप चौक में दूसरे दिन भी 14 सपना जी देखना लोगों की भीड़ रही। अध्यक्ष आनंद कवाड़ के नेतृत्व में भक्ति का कार्यक्रम भी हुआ। यहां पर करीब 6000 नारियल भी प्रभावना में बांटे गए, जिसमें जरावाला मित्र मंडल के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता हुई

जालोर, (कासं)। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में रविवार को रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विकास अधिकारी जालोर पंचायत समिति भोमसिंह इंदा और अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जालोर किस्तूराराम बामणिया के सानिध्य में किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में 36 और पोस्टर प्रतियोगिता में 16 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में कल्पना चावला दल, पी वी सिंधु दल , सानिया मिर्जा दल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सोनम, भावेश और मनीष चौधरी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही विद्यार्थियों को मतदान के विषय में जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रधान चैनकरण सिंह करणोत ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत

जोधपुर, (कासं)। हिन्दू समाज में जनजागरण के लिए बजरंग दल द्वारा निकाली जा रही शौर्य जागरण यात्रा का झालामंड स्थित श्री श्रीयादे माता धाम पहुंचने पर कुम्हार प्रजापत समाज ने यात्रा का स्वागत किया। रामरथ पर विराजमान योगीराज महन्त सत्यमगिरी एवं गुरु ओम चैतन्य महाराज का श्री श्रीयादे धाम के अध्यक्ष रामचंद्र रुंगगतिया, चुन्नीलाल बनावडिया, शहर भाजपा उपाध्यक्ष हंसराज प्रजापत, ताराचन्द जागरवाल, तरुण सोतवाल, दयाल प्रजापत, दुदाराम, धर्माराम सिंनावडिया, हनुमान, प्रदीप बनावडिया, विक्रम मोरवाल आदि ने हिन्दू धर्म संस्कृति के जागरण के लिए निकाली जा रही शौर्य यात्रा का स्वागत किया।

तुलसी के पौधे बांटे

पोकरण, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण द्वारा बारहट का गांव पं. प्रह्लाद द्वारा भागवत कथा वाचन विश्राम एवं स्वामी की ढाणी महंत औंकार भारती के चातुर्मास प्रवास पर भारत विकास के कोषाध्यक्ष अचल दान रतनू, मदन गोपाल जांगिड़, उपाध्यक्ष देवीसिंह भाटी, उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी ने अलग अलग स्थानों पर पहुंच कर 300 तुलसी के पौधों का वितरण किया। सचिव कुंभ सिंह चांपावत ने पर्यावरण चेतना का संदेश देते हुए कहा कि तुलसी का मानव जीवन में योगदान अतुल्य है। कथावाचक पंडित प्रह्लाद एवं महंत रावलपुरी, महंत औंकार भारती ने प्रत्येक घर में गाय और तुलसी की महत्ता पर प्रकाश डाला।

मुआवजा किसानों का हक : विधायक बिश्नोई

जोधपुर, (कासं)। लूणी पंचायत समिति के सभागार में सोमवार को विधायक महेंद्र विश्नोई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बारिश से खराब हुई फसलों के नुकसान का आंकलन कर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में विधायक महेंद्र विश्नोई ने कहा कि बीमा कम्पनियो की मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने लूणी एसडीएम, लूणी तहसीलदार, झंवर, कुड़ी, जोधपुर तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल खराब होने पर अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने को लेकर जल्द से जल्द खराबे की रिपोर्ट तैयार करके बीमा कम्पनियों को भिजवाए जाए। उन्होंने कहा कि कोई किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुआवजा किसानों का हक है। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फसल खराबे का सर्वे करवाकर किसानों की शिकायतें ऑफलाइन भी ली जा रही है।

गुन्दाला में भवन का लोकार्पण

पोकरण, (निसं)। अल्पसंख्यक मामलात मंत्री सालेह मोहम्मद ने सोमवार को पोकरण के नव गठित ग्राम पंचायत गुन्दाला के भवन का लोकार्पण किया तथा रायपालो की ढाणी ग्राम पंचायत झलारिया में स्कूल कार्य, सड़क, टिन शेड, कचरा संग्रहण केंद्र सहित अन्य विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किए। इस दौरान आमजन को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

लाचू कर्मचारी संघर्ष समिति का धरना

जोधपुर, (कासं)। लाचू कॉलेज प्रशासन के खिलाफ लाचू कॉलेज कर्मचारी संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शहर विधायक मनीषा पंवार को ज्ञापन भी सौंपा है वहीं इसकी प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी है।

गणेश चतुर्थी आज, मंदिरों में उत्सव की धूम रहेगी

जोधपुर, (कासं)। गणेश चतुर्थी मंगलवार को मनाई जाएगी। इसको लेकर शहर के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। सोजती गेट मन्दिर पर दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। जूनीमण्डी के पास स्थित इश्किया गजानन्द मन्दिर को भी सजाया संवारा गया है। किला रोड स्थित अमरनाथ महादेव मंदिर के गणेश के दर्शन के लिए कल एक दिन के लिए सुबह पट्टे खोले जाएंगे। रातानाडा स्थित गजानन मंदिर में भी मंगलवार से 9 दिन तक महोत्सव मनाया जाएगा। 19 सितंबर को पहले दिन भगवान गजानन का पांच नई पोशाक और गहनों के साथ श्रृंगार किया जाएगा। विभिन्न ऋतु पुष्पों से मंदिर की आकर्षक सजावट की जाएगी।

मंदिर में प्रथम दिन मंगलवार को 5:00 बजे भगवान की महा आरती होगी। सुबह 10:00 बजे महोत्सव का आगाज ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। इसमें भगवान गजानन का विशेष श्रृंगार के साथ 51 हजार सूखे मेवे से बने लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस बार भी यह प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

पुजारी राहुल शर्मा ने बताया कार्यक्रम की कड़ी में 22 सितंबर को स्कूल के बच्चे अखंड गीता का पाठ करेंगे। 24 को सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। अनंत चतुर्दशी के मौके पर महा रुद्राभिषेक होगा। लगभग 4 घंटे तक चलने वाले इस महारुद्राभिषेक में भगवान गणपति सहस्त्रनाम के साथ भगवान का इत्र से अभिषेक होगा। मंदिर में अग्निहोत्री परिवार के लोग यह अभिषेक करवाते हैं। वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। 1008 लड्डुओं का अर्चन किया जाएगा। वही 100 किलो सूखे मेवे की आहुति भी दी जाएगी।

मंदिर में आने वाले भक्तों को अनंत चतुर्दशी के मौके पर समृद्धि की पोटली भी वितरित की जाएगी।

बता दे की रातानाडा के गजानन मंदिर में महोत्सव के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। एतिहासिक और पौराणिक महत्व होने की वजह से यह स्थल लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव को देखते हुए मंदिर परिसर में आकर्षक रंग-बिरंगे लाइटों से सजावट की गई है।

पाली संवाददाता के अनुसार : पाली शहर समेत जिले भर में चतुर्थी का पर्व आज धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसको लेकर गणेश मंदिरों को सजाया गया है।

पाली शहर के मुख्य नागा बाबा की बगीची स्थित सिद्ध गणेश का विशेष श्रंगार कर आकर्षक रोशनी से मंदिर को सजाया गया है। मंदिर के महंत सुरेश गिरी के अनुसार सुबह मंगला आरती के पश्चात हवन व ध्वजा चढ़ाई जाएगी। यहां पर सुबह से रात्रि तक गणेश भक्तों की जोरदार भीड़ रहेगी। भक्तों को प्रसाद देने के लिए सैकड़ो किलो नूक्ति तैयार की गई है। वहीं रात्रि में भक्ति का कार्यक्रम भी होगा। इसी प्रकार बादशाह का झंडा स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश,मोती चौक गजानन, सोमनाथ मंदिर के सामने गणेश जी पानी दरवाजा गणेश सहित मंदिरों में गणेश चतुर्थी की तैयारी चल रही है। सड़कों पर दुकानदार गणपति की प्रतिमाएं अपनी बिक्री के लिए मंगल स्कूल चौराया रेलवे स्टेशन चौराहा कॉलेज रोड पर बिक्री के लिए तैयार हैं। जहां पर सुबह ढोल धमाका के साथ गणपति ले जाकर गली मोहल्ले में स्थापित किए जाएंगे। इस बार सभी समाजों की ओर से लड्डू तैयार किया जा रहे हैं। जिनका वितरण भी सुबह होगा। अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महोत्सव समिति, माली समाज, घांची समाज, सर्व ब्राह्मण समाज पाल बालाजी सभी जगह लड्डू वितरित होंगे ।

शोभायात्रा निकलेगी आज

जालोर, (कासं)। जालोर में सनातन महोत्सव समिति की ओर से मंगलवार को गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर प्रातः 9 बजे बाबा रामदेव मंदिर तिलक द्वार के अंदर जालोर से शोभायात्रा निकाली जायेगी।

समिति के आयोजक ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत 19 सितम्बर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में हाथी, घोडे के अलावा नौबत नगाडो के साथ अश्व सवार भगवा पताका लहराता नजर आयेगा। वही इसके बाद भगवान गणपति के भक्तजन बैड बाजो की व ढोल ढमाको की धुन पर भक्ति में लीन नजर आयेगे। शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर तिलकद्वार से रवाना होकर घांचियों की पिलान, सुभाष मार्केट, माणक चौक, गांधी चौक, सूरजपोल, ट्रक यूनियन, कालका कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, अस्पताल चौराहा से पुनः बाबा रामदेव मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में विभिन्न निजी विद्यालय की ओर से झांकिया आकर्षक का केन्द्र रहेगी।

वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से गणेश प्रतिमाओं के समक्ष अपनी आस्था प्रकट की जायेगी। गणेश महोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

बालोतरा संवाददाता के अनुसार : बालोतरा जिले में मंगलवार को गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र विजय ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मन्दिरों में परम्परागत कार्य म के अन्तर्गत गणेश मूर्ति, पंडाल, मंडप की स्थापना कर पूजा, अर्चना, भजन कीर्तन, गरबा, डांडिया नृत्य शोभा यात्राएं जुलूस निकाल कर तालाब अथवा नदी में गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है।

उन्होंने गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 22 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित उपखंड अधिकारियों को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

उन्होंने समस्त मजिस्ट्रेट, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि वे गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द, कानून व शान्ति व्यवस्था एवं निगरानी की समस्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

गणेश चतुर्थी पर्व पर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र विजय ने जिले वासियों को शुभकामनाएं दी तथा गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द, कानून व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

मेहरा ने किया भोपालगढ़ के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जोधपुर, (कासं)। सम्भागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने सोमवार को जोधपुर ठामीण के भोपालगढ में विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों के संबंध में उपखंड अधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

मेहरा ने उपखंड अधिकारी (ईआरओ) भोपालगढ से विधानसभा क्षेत्र भोपालगढ की मतदाता सूचियों की प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने बीएलओ के कार्य की विस्तृत समीक्षा की।

सम्भागीय आयुक्त ने भोपालगढ विधानसभा क्षेत्र के कुड़ी एवं अरटिया कला मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों के संबंध में नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानान्तरण प्रक्रिया के फार्म के साथ दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि नवमतदाताओं के नाम जोडने के लिए उनके जन्मतिथि का प्रमाण स्वरूप अंकतालिका या विद्यालय से जारी दस्तावेज जिसमें आयु संबंधी प्रमाण की जांच उपरांत नाम जोड़े। जिससे अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़े।

मेहरा ने एम आधार एप्प के माध्यम से आधार कार्ड में आयु संबंधी जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। मतदाता सूची में अस्पष्ट मतदाताओं के फोटो को चिन्हित कर सही करने के लिए बीएलओ को निर्देशित किया गया। साथ ही बीएलओ रजिस्टर प्रमाणीकरण करने के निर्देश प्रदान किए। नए मतदान केंद्रों का बीएलओ द्वारा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को अवगत करवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

बीएलओ एवं सुपरवाईजर से चर्चा कर घर-घर सर्वे बीएलओ एप्प पर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्भागीय आयुक्त ने उपखंड एवं ईआरओ कार्यालय का निरीक्षण किया और विधानसभा आम चुनाव 2023 की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उपखंड अधिकारी नानगा राम, वृताधिकारी प्रेमकुमार चौधरी एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

करंट की चपेट में आने से सांड की मौत

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा कस्बे में डिस्कॉम की लापरवाही के कारण शनिवार को बिजली करंट से एक सांड की मौत हो गई। बिजली ट्रांसफार्मर के पास गंदगी व कीचड पसरे होने से आवारा सांड विचरण करते रहते हैं। बिजली के चपेट में से सांड की मौत हो गई। सरकारी लाइनमैन की एवजी में ज्यादातर निजी लाइनमैन लापरवाही से फॉल्ट निकालते समय तार खुला छोड़कर चले जाते हैं। वहीं ट्रांसफार्मर के नीचे सब्जी विक्रेता सड़ी गली सब्जियां डाल देते हैं। इससे आवारा पशु विचरण करते रहते हैं।

नगरपालिका प्रशासन कस्बे के मुख्य जगहों पर कचरा पात्र नहीं लगाने के कारण लोग खुले में कचरा व खाने पीने की वस्तुएं डालते हैं। नगर पालिका की लापरवाही का खामियाजा आमजन भुगतने पर मजबूर हैं।

नाले में मिले शव की हुई पहचान

जोधपुर, (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र गली नंबर सात स्थित जोधाणा चौराहा के समीप नाले में मिले शव की पुलिस ने पहचान की। शव को आज कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया। नाले कैसे गिरा इसका पता नहीं चल पाया है।

बासनी पुलिस ने बताया कि रविवार को गली नंबर 7 स्थित जोधाणा चौराहा के समीप नाले के बहते पानी में एक व्यक्ति का शव मिला था।

कल्प सूत्र में ऋषभदेव के सौ पुत्रों, दीक्षा, नमि-विनमि का हुआ विशेष उल्लेख

भीनमाल, (निसं)। स्थानीय महावीर स्वामी जैन मंदिर धर्मशाला प्रांगण में जैन समाज के वरिष्ठ मुनिराज हितेशविजय म. सा. ने पर्युषण महापर्व के सातवे दिन सोमवार को कल्पसूत्र का वांचन करते हुए ऋषभ देव के तेरह भवों तथा उनके पांच कल्याणकों के बारे में बताया। प्रभु ऋषभदेव का मरूदेवी की कुक्षि में अवतरण, कुलकारों की उत्पत्ति एवं नीति प्रचार, प्रभु का जन्म, नाम-वंश स्थापना, विवाह, ऋषभदेव की सन्तति, राज्याभिषेक और विनीता नगरी की स्थापना का वर्णन किया। इनके सौ पुत्रों के नाम, दीक्षा, तापसों की प्रवृति के साथ पुत्र रूप में नमि - विनमि की जानकारी दी। जैन मुनि ने अन्तराय कर्म के उदय से प्रभु द्वारा किया गया वार्षिक तप तथा इसका पारणा श्रेयांसकुमार का आठ भव का सम्बन्ध, आहारान्तरायकर्म कैसे बांधा तथा धर्म च पीठ की स्थापना सहित, बॉग देने की प्रवृति का उल्लेख किया। कल्पसूत्र के वाचन में चौबीस तीर्थकरों का परिचय दर्शक यंत्र का भी विशेष उल्लेख किया गया। मुनिराज जीतचंद विजय म सा का कैश लोचन भी धर्म सभा में उपस्थित श्रोताओं के समुख किया गया।

चौपासनी में सैनिक स्कूल खोलने के निर्णय से खुशी व्याप्त

जोधपुर, (कर.सं.) । चौपासनी विद्यालय परिसर में हनवन्त चौपासनी स्कूल में सैनिक स्कूल खोलने के केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय की सैनिक स्कूल सोसायटी के निर्णय की विभिन्न संस्थाओं ने सराहना की व शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम बताया।

चौपासनी शिक्षा समिति के सचिव छोटू सिंह बुचेटी ने कहा कि वर्षो से चौपासनी स्कूल में सैनिक स्कूल खोलने के प्रयास चल रहे थे। जब सिद्धार्थ सिंह रोहिट चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रहे तब सैनिक स्कल के लिए मुख्य संरक्षक महाराजा गज सिंह के मार्गदर्शन में सार्थक प्रयास हुए थे। उस समय निरीक्षण कमेटी भी आई थी। प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उसी का परिणाम है कि केंद्र के रक्षा मंत्रालय द्वारा चौपासनी विद्यालय परिसर में सैनिक स्कूल खोलने का सार्थक व ऐतिहासिक निर्णय हुआ।

राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल ने चौपासनी विद्यालय में सैनिक स्कूल खोलने के निर्णय को ऐतिहासिक व सही बताया और इसकी सराहना की ।

सैनिक स्कूल के लिए चौपासनी शिक्षा समिति के मुख्य संरक्षक महाराजा गज सिंह ने लगातार उच्च स्तर पर प्रयास किए इसका परिणाम अब सामने आया है ।

राजनाथ व गजेंद्र का आभार जताया

सैनिक स्कूल खोलने के निर्णय के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ,केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व मुख्य संरक्षक महाराजा गज सिंह का चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष किशन सिंह जसोल ,पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह रोहिट , मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ लक्ष्मण सिंह राठौड़ , उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह पोषणा , कोषाध्यक्ष दलपत सिंह खीची , डॉ समरजीत सिंह दासपा , कर्नल शंभू सिंह देवडा , चौपासनी शिक्षा समिति जनरल काउंसिल सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह झालामंड ,दुर्जन सिंह चौरडिया, राम सिंह रोहिणा ,छोटू सिंह उदावत, डॉ गणपत सिह , अजीत सिंह भाटी , आनद सिंह जोधा , बिशन सिंह भाटी , राजेन्द्र सिंह लीलिया , गजेन्द्र सिंह कालवी , डो भूपेन्द्र सिंह सोढा शिक्षाविद मनोनित सदस्य डॉ भूपेन्द्र सिंह व पूर्व छात्र मनोनित डॉ शक्ति सिंह रावलोत सहित सभी चौपासनी शिक्षा समिति के सदस्य व स्टॉफ ने आभार जताया। चौपासनी विद्यालय परिसर में सैनिक स्कूल खोलने के निर्णय की पूर्व कैबिनेट मंत्री शंभू सिंह खेतासर ,मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा , हनवन्त एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ शिव सिंह राठौड़ , चौपासनी शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष व आशापुरा माताजी ट्रस्ट नाडोल के अध्यक्ष करण सिंह उचियारडा , पूर्व जेडीए चेयरमैन डॉ महेंद्र राठौड़ , पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ , फलोदी राजपूत सभा अध्यक्ष कुंभ सिंह पातावत , महेंद्र सिंह उम्मेद नगर , पीपड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष सवाई सिंह रणसी गांव ,कालू सिंह बाला ,महाराजा गज सिंह शिक्षण संस्थान ओसियां अध्यक्ष गोपाल सिंह भलासरिया , जायल राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह रोहिणा ,शेरगढ़ राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष भगवान सिंह तेना ,देवराज हित कारिणी सभा के अध्यक्ष मोती सिंह चौरडिया सिवाची गेट राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष पप्पू सिंह उदावत ,मारवाड़ राजपूत सभा के उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह रूणकिया , महासचिव के वी सिंह चांदरख व कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह उदावत ,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रविंद्र सिंह भाटी ,रविंद्र सिंह राणावत सहित लोगों ने इस निर्णय की सराहना की।

कूलर से लगे करंट में युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। सूरसागर स्थित कबीर नगर में एक युवक की कूलर से लगे करंट में मौत हो गई। पुलिस ने इस बारे में मर्ग कर शव परिजन को सुपुर्द कर दिया।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि कबीर नगर स्थित एक भोजनालय के सामने रहने वाले 48 साल के रफीक मोहम्मद पुत्र बाबू खां को कूलर से करंट लग गया। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उसे एमडीएम अस्पताल लेकर आए। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। अब इस बारे में उसके भाई मोहम्मद साबिर ने मर्ग में रिपोर्ट दी है।

सार-समाचार

लोकतंत्र में बड़ी ताकत जनता है : प्रजापत

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा के निकट कल्याणपुर पचपदरा विधायक मदन प्रजापत सोमवार को विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायत का दौरा कर आमजन की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रजापत ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला (दूदवा) में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया व ग्राम पंचायत गोदावास की नव क्रमोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवनगरी के लोकर्पण कार्यक्रम में शिरकत कर उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया ।तत्पश्चात ग्राम पंचायत गोदावास के परिसर में आयोजित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। गोदावास कलां से गोदावास खुर्द तक सड़क का शिलान्यास, नव क्रमोन्नत राउमावि गोदावास का लोकार्पण, उप स्वास्थ्य केंद्र गोदावास के निर्माण कार्य का शिलान्यास , गोदावास कलां में मोर कुंड का निर्माण कार्य का शिलान्यास। तथा नवक्रमोन्नत राउप्रावि परालिया धामठ का लोकार्पण किया। इस दौरान उम्मेद सिंह अराबा प्रधान कल्याणपुर, सरपंच रमेश चौधरी, अमराराम चौधरी, दलाराम, तिलाराम गोदारा, श्याम, जुगताराम, जोगाराम कोरणा, करनाराम, ठाकरा राम गोदारा, कालू राम सुथार, लूणाराम गोदारा, नेमाराम गोदारा, प्रहलाद राम गोदारा, विकास अधिकारी, ब्लॉक मुख्य अधिकारी कल्याणपुर व ग्रामीण उपस्थित रहे।

परिवहन विभाग ने बकाया टैक्स मांगा

जालोर, (कासं)। परिवहन विभाग की ओर से यात्री और भार वाहनों के टैक्स की अधिक बाकियात पर एमनेस्टी योजना के तहत 30 सितम्बर तक छूट मिलेगी। इसके पश्चात् विभाग बकाया को लेकर वाहन सीज करने की कार्यवाही कर ब्याज के साथ पैनल्टी भी वसूलेगा। जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय ने बताया कि बकाया कर प्रकरणों के निस्तारण के लिए परिवहन आयुक्त ने एमनेस्टी योजना का लाभ देने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित है। वाहन स्वामी 30 सितम्बर से पहले छूट का लाभ लेते हुए बकाया टैक्स जमा करवाकर प्रकरणों का निस्तारण करवा सकते हैं। इसके पश्चात् जिले में प्रवर्तन कार्यवाही कर बकाया टैक्स वाले वाहनों को सीज किया जाएगा तथा ब्याज और पैनल्टी के साथ टैक्स वसूली की जायेगी। इस पर भी डिफाल्टर रहने पर सीज वाहनों को 90 दिवस बाद नीलाम कर टैक्स वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी योजना-2023 के तहत ई-रवन्ना चालानों में भार वाहनों में भारी छूट एवं ट्रैक्टर ट्रोली में अधिकतम सात हजार पांच सौ रूपये का जुर्माना वसूल किया जायेगा। वाहन स्वामी अपने वाहनों के बकाया ई-रवन्ना चालानों में एमनेस्टी योजना में 30 सितम्बर 2023 तक मिल रही छूट का लाभ उठावें।

फसलें भीगने से खराब, मुआवजा मांगा

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा जिले के मंडली गांव के किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार ओम अमृत को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण नाथू सिंह भाटी ने बताया कि कल्याणपुर तहसील क्षेत्र मण्डली के गांवों में आस पास गांवों में हुई बरसात से किसानों के खेतों में पक्की हुई और कटी हुई फसल बारिश में भीगकर खराब हो चुकी है। खरीफ 2023 में बिपरजॉय तूफान में हुई अच्छी बरसात से इस बार लोगों ने बंपर बुवाई की, लेकिन निराई गुडाई के लंबे समय से बरसात नहीं हुई। जिससे इस साल उपज भी कम हुई, लेकिन अचानक आई बरसात से किसानों के अरमानों पर पानी फिर गया। अधिकतर किसान फसल बीमा करवाते हैं, लेकिन काफी किसान बीमा से भी वंचित है। विभाग कंपनी की प्रतिनिधि अभी तक फसल खराबी का सर्वे करने भी नहीं पहुंचे हैं। कंपनी के टोल फ्री नंबर पर कॉल नहीं हो पा रहा है। किसानों ने चेतावनी देते हो कहा कि समय रहते हमारे फसल खराबी का मुआवजा नहीं मिला तो समस्त किसान बडे स्तर पर आंदोलन करेंगे। आंदोलन के दौरान कुछ भी अनहोनी होती है तो जिम्मेदार प्रशासन होगा।

भाजपा की यात्रा में साथ चल रहे राजपुरोहित

बालोतरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी की रामदेवरा से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक यात्रा को हरी झंडी दिखा करके रवाना किया था, तब से ही दुर्ग सिंह राजपुरोहित परिवर्तन यात्रा में लगातार कार्य कर रहे हैं। दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि यात्रा मांक 3 जो पश्चिमी राजस्थान के 51 विधानसभा यह बाकि तीनों यात